भारत सरकार
कार्मिक, लोक शिकायत तथा पेंशन मंत्रालय
(कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग)

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या:694

(दिनांक 07.02.2024 को उत्तर के लिए)

'सरकारी क्षेत्र में नौकरी के अवसर'

694. श्री अभिषेक बनर्जीः

क्या **प्रधानमंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) पिछले तीन वर्षों के दौरान प्रत्येक समूह (ए से डी) में वर्ष-वार नौकरी के लिए कुल कितने अवसर प्रदान किए गए हैं;

(ख) नौकरी की रिक्तियों की संख्या, आवेदकों की संख्या और प्रस्तावित नौकरी की रिक्तियों में से भरी गई रिक्तियों की संख्या सहित इसका ब्यौरा क्या है;और

(ग) वर्तमान में सभी समूहों में सरकारी नौकरियों में रिक्तियों की संख्या का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

कार्मिक, लोक शिकायत तथा पेंशन मंत्रालय में राज्य मंत्री तथा प्रधानमंत्री कार्यालय में राज्य मंत्री (डॉ. जितेन्द्र सिंह)

(क) और (ख): रिक्तियों का होना तथा केंद्र सरकार की विभिन्न भर्ती एजेंसियों द्वारा इन रिक्तियों को भरने के लिए भर्ती हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित करने संबंधी अधिसूचना जारी करना, एक सतत प्रक्रिया है। केंद्र सरकार के विभिन्न मंत्रालयों/विभागों/संगठनों की आवश्यकतानुसार उपयोगकर्ता मंत्रालयों/विभागों द्वारा दी गई आवश्यकता के आधार पर रिक्तियों को अधिसूचित किया जाता है।

(ग): केंद्र सरकार के विभिन्न मंत्रालयों/विभागों तथा उनके संबद्ध/अधीनस्थ कार्यालयों में रिक्तियां,सेवानिवृत्ति, पदोन्नति, त्यागपत्र, मृत्यु आदि के कारण होती हैं। खाली पदों को समय पर भरने के लिए सरकार द्वारा सभी मंत्रालयों/विभागों को पहले ही अनुदेश जारी किए गए हैं।